राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–60 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्री गुरू वचन, पिता–श्री शिव शंकर सिंह, आर.एन. कॉलेज, रोड, पो.–हाजीपुर, था.–हाजीपुर नगर, जिला–वैशाली–844101

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, बी.आर.ए.बी. विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
31.07.2023	श्री गुरू वचन, पिता–श्री शिव शंकर सिंह, आर.एन. कॉलेज, रोड, पो.–हाजीपुर, था.–हाजीपुर नगर, जिला–वैशाली–844101 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–23.07.2023 इस कार्यालय में दिनांक–27.07.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया गया है। अपीलार्थी श्री गुरू वचन ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–20.06.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं होने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज्यपाल सचिवालय के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही श्री गुरू वचन उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–20.06.2023 की प्रति भी सलग्न है। विदित हो कि कोई भी विश्वविद्यालय एक स्वायत (Autonomous) संस्था है तथा यह सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत एक स्वतंत्र लोक प्राधिकार है, जिसके कारण संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अपने विश्वविद्यालय के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार को Designate किया जाता है। अतः विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत दायर होने वाले आवेदन के लिए लोक सूचना पदाधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार उक्त विश्वविद्यालय के अंतर्गत ही रहते हैं न कि राज्यपाल सचिवालय अथवा कुलाधिपति कार्यालय में। अपीलकर्त्ता श्री गुरू वचन ने गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है, अतः इसे अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। 31/7/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार	

ज्ञापांक- 1210/रा0स0(III) दिनांक- 02-08-2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, बी.आर.ए.बी. विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर/श्री गुरू वचन, पिता-श्री शिव शंकर सिंह, आर.एन. कॉलेज, रोड, पो.-हाजीपुर, था.-हाजीपुर नगर, जिला-वैशाली-844101 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

31/7/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी